# चीन को टक्कर देगा यमुना सिटी में विकसित हो रहा टॉय पार्क

## प्राधिकरण ने निर्माण शुरु करने के लिए स्वीकृत किए 15 उद्योगों के नक्शे, जल्द शुरु होगा उत्पादन

माई सिटी रिपोर्टर

**ग्रेटर नोएडा।** खिलौना उद्योग में चीन के दबदबा को सीधी टक्कर देने के लिए यमुना सिटी में टॉय पार्क विकसित हो रहा है। प्राधिकरण 154 विकसित भूखंड में से 143 आवंटित कर चुका है। 15 उद्योगों के नक्शे यमुना प्राधिकरण ने निर्माण शुरू करने के लिए स्वीकृत भी कर दिए हैं।

अधिकारियों का कहना है कि टॉय पार्क अब आकार लेने लगा है। जल्दी ही यहां से खिलौनों का निर्यात भी शुरू हो जाएगा। मुख्यमंत्री के निर्देश पर अब टॉय पार्क के फेज-2 के विकास के लिए अब प्राधिकरण काम शुरू करेगा। अधिकारियों के मुताबिक यीडा के औद्योगिक सेक्टर-33 में टॉय पार्क विकसित हो रहा है। यहां विकास कार्य कमोबेश पूरे हो चुके हैं।

ऐसे में उद्यमी भी यहां निवेश करने और निर्माण में तेजी दिखा रहे हैं। नोएडा एयरपोर्ट से निकट भविष्य में कमर्शियल ऑपरेशन शुरू होने की संभावना को देखते हुए भी यहां गतिविधियां बढ़ी हैं। प्राधिकरण यह टॉय पार्क 100 एकड़ भूमि पर विकसित कर रहा है। इसमें 154 औद्योगिक भूखंड नियोजित किए गए थे। औद्योगिक भूखंड को क्रियाशील बनाने की नीति पर काम शुरू होने के बाद टॉय पार्क में जल्दी ही निर्माण भी शुरू हो जाएंगे। यहां प्लास्टिक, लकड़ी, फैब्रिक, धातु के अलावा इलैक्ट्रॉनिक खिलौने भी बनाए जाएंगे। इन खिलौना उद्योग के लिए जरूरी पैकेजिंग, वेयरहाउस, टेस्टिंग आदि भी सुविधाएं यहां विकसित की जानी है। यीडा के सीईओ राकेश कुमार सिंह ने बताया कि टॉय पार्क में आवंटित 143 भूखंडों में से 124 के लीज प्लान निवेशकों को जारी हो चुके हैं। केवल 19 मामलों में लीज प्लान अभी प्राप्त नहीं हुए हैं।

इन निवेशकों को एक महीने के अंदर जरूरी दस्तावेज जमा कर प्रक्रिया पूरी कराने के लिए कहा गया है। अब तक 120 आवंटियों को चेकलिस्ट जारी की जा चुकी है। टॉय पार्क में 108 आवंटियों के पक्ष में लीज डीड भी हो चुकी है। 76 निवेशकों को जमीन पर निर्माण शुरू कराने के लिए कब्जा भी दिया जा चुका है। इनमें से 15 निवेशकों के भवन मानचित्र स्वीकृत हो चुके हैं और चार ने निर्माण शुरू कर दिया है।

### फेज-2 में 11 में से सात भूखंड की खरीद चालू

प्राधिकरण के अनुसार, टॉय पार्क के फेज-2 में कुल 11 भूखंडों में से चार भूखंडों की भूमि उपलब्ध हो चुकी है। सात भूखंड अभी आवंटन के लिए शेष हैं जिनकी कुल क्षेत्रफल 6.71 एकड़ है। जल्दी ही इनके लिए योजना प्राधिकरण लांच करेगा।

## बिहार सरकार के प्रतिनिधिमंडल ने देखा ग्रेनो में औद्योगिक विकास का ढांचा

**ग्रेटर नोएडा।** बिहार सरकार के शहरी विकास एवं आवास विभाग का एक प्रतिनिधिमंडल शुक्रवार को ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण पहुंचा। प्रतिनिधिमंडल में शामिल अधिकारियों ने बताया कि बिहार में औद्योगिक टाउनशिप विकसित करने की योजना है। इसके लिए ग्रेटर नोएडा से औद्योगिक विकास के नीति और कामकाज की प्रक्रिया को समझने के लिए वह पहुंचे हैं। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के एसीईओ सुनील कुमार सिंह, प्रेरणा सिंह और सुमित यादव ने अपनी टीम के साथ प्रतिनिधिमंडल को अलग-अलग विभागों के कामकाज के अलावा अब तक हुए विकास और निवेश के बारे में जानकारी दी। टाउनशिप में प्लग एंड प्ले सिस्टम, वेस्ट प्रोसेसिंग प्लांट, बिजली-पानी की 24 घंटे उपलब्धता के बारे में समझा। ब्यूरो